प्रमुख सड़कों के किनारे निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने देखी सफाई व्यवस्था , कंडम वाहनों को हटाने के दिए निर्देश, बैकुंठ धाम के सघन बस्तियों में भी पहुंचे

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर निरंतर शहर का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने आज नेहरू नगर चौक से भ्रमण की शुरुआत की। नेहरू नगर चौक में उन्होंने पुनः यात्री प्रतीक्षालय तथा आधुनिक शौचालय का निरीक्षण किया। समीपस्थ स्थानों का भी उन्होंने जायजा लिया। सुपेला चौक के समीप उन्होंने बैंक के सामने सफाई व्यवस्था देखी , कुछ स्थानों पर कबाड़ जैसे पड़े हुए सामग्रियों को उन्होंने हटवाने के निर्देश दिए तथा गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने कहा , बेतरतीब ठेलो को व्यवस्थित तरीके से लगाने और कचरा नहीं फैलाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन एवं नॉन वेंडिंग जोन के तहत सुव्यवस्थित तरीके से ठेले लगाए जाएं। उन्होंने बैकुंडधाम तालाब का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान वे सघन बस्तियों में सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे , कुछ स्थानों पर वृहद सफाई करने के उपरांत वृक्षारोपण करने के भी निर्देश दिए। निगमायुक्त ने जलभराव एवं नाली सफाई की भी व्यवस्था देखी, बस्तियों की महिलाओं और लोगो से उन्होंने फीडबैक लिया। इस दौरान कई स्थानों पर अवैध तरीके से अतिक्रमण की शिकायतें भी आयुक्त को प्राप्त हुई जिस पर उन्होंने अवैध अतिक्रमण को हटाकर स्थल की सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए , आयुक्त ने डेंगू, पीलिया इत्यादि जलजनित बीमारी के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अपनाए जा रहे उपायों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त मनीष गायकवाड , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, प्रभारी सहायक अभियंता आलोक पसीने, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं अनिल मिश्रा, जोन 3 स्वास्थ्य विभाग से वीरेंद्र बंजारे आदि मौजूद रहे।